# भावना हैप्पी होम फॉर एल्डर्स

## 9 अप्रैल 2022 को हुए भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह पर रिपोर्ट

आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि भावना हैप्पी होम फॉर एल्डर्स का शिलान्यास एक वृहद् समारोह में हमारे मुख्य अतिथि माननीय डॉ महेश शर्मा, सांसद-लोक सभा व भूतपूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा दिनांक 9 अप्रैल 2022 को भावना सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ | शिलान्यास से पहले भूमि पूजन शास्त्रीय विधि-विधान से सर्व श्री विनोद कु शुक्ल राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनिल कु शर्मा एनसीआर वे येड़ा ब्रांच अध्यक्ष और रविंद्र अवस्थी, ब्रांच सचिव द्वारा कराया गया |

इस अवसर पर स्वागत अभिभाषण में एनसीआर व येड़ा ब्रांच अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि आज इस देश में मध्यम वर्ग के सम्मानित बुजुर्गों के लिए, जिनके बच्चे विदेश में अथवा दूर दराज़ स्थानों पर होने के या अन्य कारणों से अकेले जीवन यापन कर रहे हैं, आत्म सम्मान के साथ हम-उम्र दोस्तों के बीच सुखी व स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं, उनके लिए कोई भी अफोर्डेबल ओल्ड ऐज होम नहीं है | न्यूनतम 25 से 35 लाख रुपये की लागत लगाने के बाद सवा से दो लाख रुपये प्रति माह के खर्चे पर उपलब्ध व्यावसायिक रूप से चलाए जा रहे सीनियर्स लिविंग/ ओल्ड ऐज होम आम आदमी तो क्या सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारीयों के भी बूते से बाहर है | भावना हैप्पी होम फॉर एल्डर्स एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप की इस देश की पहली परियोजना है जो सेल्फ फाइनेंसिंग मॉडल पर संकल्पित की गयी है, जिसमें लागत का 25% सीएसआर व 80G के माध्यम से फंडिंग का प्रावधान है | इस प्रकार इसे आम मिडिल क्लास के लिए एफ़ोर्डेबिल बनाने की कोशिश की गयी है जिसमे कॉर्पोरेट जगत व सरकार का सहयोग अपेक्षित है |

भावना की गतिविधि व कार्यकलापों के बारे में बताते हुए, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी के शुक्ल ने बताया कि ऐसे मिडिल क्लास वृद्धजन जिनको पूरी जिंदगी आत्म सम्मान के साथ स्वच्छ वातावरण में रहने की आदत पड़ चुकी है, कभी सपने में भी सरकारी सहयोग से अथवा स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा संचालित दान-आधारित वृद्धाश्रम में आत्म सम्मान के साथ रहने की नहीं सोच सकते हैं | उन्होंने मुख्य अतिथि से अनुरोध किया कि वे सरकारी व कॉर्पोरेट जगत से आर्थिक सहयोग दिलाने में भावना की सहायता करें | इसी क्रम में यह भी कहा कि इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए वे अपनी सांसद निधि का भी उपयोग आर्थिक सहायता के लिए कर सकते हैं |

मुख्य अतिथि डॉ महेश शर्मा ने अपने भाषण में बताया कि आज देश की जनसँख्या कन्ट्रोल की सामाजिक मजबूरी व आम परिवारों में एक या दो बच्चों का परिवार प्रचलन में है | उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रायः बच्चों के दूर दराज के स्थानों में सेटल हो जाने के कारण, इस प्रकार के हैप्पी होम्स ऑफ़ एल्डर्स, आज के समाज की आवश्यकता है | इस परियोजना के संकल्पन व कार्यान्वयन के लिए भावना को साधुवाद दिया व इसमें उनकी तरफ से सहयोग का आश्वासन दिया |

कार्यक्रम का समापन भावना के मिलन समारोह व लंच के साथ हुआ | तत्पश्चात, भावना येड़ा ब्रांच की ईजीएम् (एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग) का आयोजन हुआ जिसमे ड्राफ्ट Resolution पर चर्चा कर उसे संशोधन के साथ अनुमोदित किया गया |